CBSE Class 7 Social Science Important Questions Geography Chapter 5 जल

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
थलशाला क्या है?
उत्तर:
थलशाला छोटे घर के पौधे रखने का कृत्रिम अहाता होता है।

प्रश्न 2.
लवणता किसे कहते हैं? यह किसमें मापी जाती है?
उत्तर:
जल में उपस्थित नमक की मात्रा को लवणता कहते हैं। इसे प्रति 1000 ग्राम जल में मौजूद नमक की मात्रा में मापा जाता है।

प्रश्न 3.
महासागर की औसत लवणता क्या है?
उत्तर:
महासागर की औसत लवणता 35 भाग प्रति हजार ग्राम है।

प्रश्न 4.
इजरायल के मृत सागर में कितनी लवणता होती है?
उत्तर:
इजरायल के मृत सागर में 340 ग्राम प्रति लीटर लवणता होती है।

प्रश्न 5.
इजरायल के मृत सागर में तैराक क्यों प्लव कर सकते हैं?
उत्तर:
इजरायल के मृत सागर में नमक की अधिक सघनता के कारण तैराक प्लव कर सकते हैं।

प्रश्न 6.
विश्व जल दिवस कब मनाया जाता है?
उत्तर:
22 मार्च को 'विश्व जल दिवस' मनाया जाता है।

प्रश्न 7.
वर्ष 2004 की सुनामी में भारत का कौनसा भाग डूब गया था?
उत्तर:
वर्ष 2004 की सुनामी में भारत के अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में इंदिरा प्वाइंट डूब गया था।

प्रश्न 8.
उच्च ज्वार नौ संचालन में किस प्रकार सहायक होता है?
उत्तर:
उच्च ज्वार जहाज को बंदरगाह तक पहुँचाने में सहायक होने से नौ-संचालन में सहायक होता है।

प्रश्न 9.
उच्च ज्वार मछली पकड़ने में किस प्रकार सहायक होते हैं?
उत्तर:
उच्च ज्वार के दौरान अनेक मछलियाँ तट के निकट आ जाती हैं। इसके फलस्वरूप मछुआरे बिना कठिनाई के मछलियाँ पकड पाते हैं।

प्रश्न 10.
महासागरीय धाराएँ कितने प्रकार की होती हैं?
उत्तर:
महासागरीय धाराएँ दो प्रकार की होती हैं-

- गर्म धाराएँ
- ठंडी धाराएँ।

प्रश्न 11.
महासागरीय धाराओं के दो उदाहरण दीजिए।
उत्तर:

- लेब्राडोर महासागरीय धाराएँ, शीत जलधाराएँ होती हैं।
- गल्फस्ट्रीम गर्म जलधाराएँ होती हैं।

लघुत्तरात्मक प्रश्न-

प्रश्न 1.
अपनी थलशालाएँ बनाएँ।
उत्तर:
थल शाला-एक बड़े जार के एक-चौथाई भाग में मिट्टी भरकर उसे अच्छी तरह से दबा दें। इसके ऊपर ह्यूमस की एक पतली परत लगाएं। सबसे पहले बड़े पौधे लगाए, तदुपरांत उसके चारों ओर छोटे पौधों को व्यवस्थित करें। इसमें जल की फुहार छिड़कें और जार को बंद कर दें। पत्तियों एवं.मिट्टी के द्वारा वाष्पित जल, संघनित होकर जल की बूंदों के रूप में नीचे गिरता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 2.
पृथ्वी पर मौजूद सम्पूर्ण जल की मात्रा को सारणी द्वारा प्रतिशत में दिखाइए।
उत्तर:
तालिका
पृथ्वी पर मौजूद सम्पूर्ण जल की मात्रा (प्रतिशत में)

महासागर	97.3
बर्फ छत्रक	02.0
भूमितगत जल	00.68
झीलों का अलवण जल	00.009
स्थलीय समुद्र एवं नमकीन झीलें	00.009
वायुमण्डल	0.0019
नदियाँ	0.0001
कुल जल	100.00

प्रश्न 3.
सुनामी पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए।
उत्तर:
सुनामी-भूकम्प, ज्वालामुखी उद्गार या जल के नीचे भूस्खलन के कारण महासागरीय जल अत्यन्त विस्थापित होता है। इसके परिणामस्वरूप 15 मीटर तक की ऊँचाई वाली विशाल ज्वारीय तरंगें उठ सकती हैं, जिसे सुनामी कहते हैं।

अब तक का सबसे विशाल सुनामी 150 मीटर मापा गया था। ये तरंगें 700 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से चलती हैं। 2004 के सुनामी से भारत के तटीय क्षेत्रों में अत्यधिक विनाश हुआ था। सुनामी के बाद अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह में इंदिरा प्वाइंट डूब गया था।

प्रश्न 4.
महासागरीय धाराएँ किसे कहते हैं? ये कितने प्रकार की होती हैं? समझाइए।
उत्तर:
महासागरीय धाराएँ-महासागरीय धाराएँ, निश्चित दिशा में महासागरीय सतह पर नियमित रूप से बहने वाली जल धाराएँ होती हैं।

महासागरीय धाराओं के प्रकार-महासारीय धाराएँ दो प्रकार की होती हैं-(i) गर्म धाराएँ और (ii) ठंडी धाराएँ। यथा-
(i) गर्म धाराएँ-सामान्यतः गर्म महासागरीय धाराएँ भूमध्य रेखा के निकट उत्पन्न होती हैं एवं ध्रुवों की ओर प्रवाहित होती हैं। गल्फ स्ट्रीम गर्म जलधाराएँ होती हैं।

(ii) ठंडी धाराएँ-ठंडी धाराएँ, ध्रुवों या उच अक्षांशों से उष्ण कटिबंधीय या निम्न अक्षांशों की ओर प्रवाहित होती हैं। लेब्राडोर महासागरीय धाराएँ शीत जलधाराएँ होती हैं।

प्रश्न 5.
महासागरीय धाराएँ किसी क्षेत्र के तापमान को किस प्रकार प्रभावित करती हैं?
उत्तर:
महासागरीय धाराएँ, किसी क्षेत्र के तापमान को निम्न प्रकार से प्रभावित करती हैं-

- गर्म धाराओं से स्थलीय सतह का तापमान गर्म हो जाता है।
- जिस स्थान पर गर्म एवं शीत जलधाराएँ मिलती हैं, वह स्थान विश्वभर में सर्वोत्तम मत्स्य क्षेत्र माना जाता है।
- जहाँ गर्म व ठंडी जलधाराएँ मिलती हैं, वहाँ कुहरे वाला मौसम बनता है। इसके फलस्वरूप नौसंचालन में बाधा उत्पन्न होती है।

https://www.evidyarthi.in/